जन्मदिवस पर कामना

‘आनन्दमय जन्मदिवस’—गुरुमाई चिद्विलासानन्द के जन्मदिवस के माह का आगमन हुआ है। श्री मुक्तानन्द आश्रम में प्रकृति उत्सव मना रही है। पेड़ों ने नए-नए, हरे-हरे पत्तों की चुनरी ओढ़ ली है और झाड़ियाँ व नन्हें-नन्हें पौधे फूलों से सज गए हैं। और, जैसा कि आप यहाँ दी गई तस्वीरों में देखेंगे, आश्रम के पवित्र परिसर में डैन्डीलायन [सिंहपर्णी] के फूल प्रस्फुटित हो रहे हैं।

गुरुमाई जी की यह इच्छा है कि ‘आनन्दमय जन्मदिवस’ के दौरान हर दिन, सभी लोग सहजता से आनन्द का अनुभव करें। इस समय, जब इन डैन्डीलायन के फूलों के पंखनुमा बीज हवा में फैल रहे हैं, श्रीगुरुमाई आपको आमन्त्रित कर रही हैं कि आप इन फूलों पर अपनी एक कामना प्रकट करें ताकि आप इस आनन्दानुभूति में अत्यन्त मधुरता के साथ प्रवेश कर सकें।

© २०२२ एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन®। सर्वाधिकार सुरक्षित।